Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

## ➢ पाली में पटवारी, पटवार मण्डल सिरीयारी,तहसील मारवाड 50 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

जयपुर, 16 अगस्त, शनिवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. पाली द्वितीय इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए अशोक पटवारी, पटवार मण्डल सिरीयारी तहसील मारवाड जंक्शन जिला पाली को **50 हजार रूपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी पाली द्वितीय को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी से उसके प्लॉट व दुकान का म्यूटेशन भरने की ऐवज में अशोक पटवारी, पटवार मण्डल सिरीयारी द्वारा 50 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग की जा रही है।

जिस पर एसीबी रेंज जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री भूवन भूषण यादव** सुपरविजन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पाली द्वितीय के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री खींव सिंह** एवं टीम के द्वारा रिश्वत राशि मांग सत्यापन करवाया जाकर आज दिनांक 16.08.2025 को ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी अशोक पटवारी पटवार मण्डल सिरीयारी, जिला पाली को रिश्वत राशि 50 हजार रूपये (10 हजार रूपये भारतीय मुद्रा तथा 40 हजार के डमी नोट) लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रेन्ज, जोधपुर के श्री भुवन भूषण यादव उप महानिरीक्षक के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा अग्रिम कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।